**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**16.07.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे**

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राहत व पुनर्वास कार्यों के लिए केन्द्र सरकार से उदार वित्तीय सहायता का आग्रह किया है। नई दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भेंट के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में भारी वर्षा और भूस्खलन से अब तक लगभग एक हजार करोड़ रूपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में प्रदेश को करीब 21 हजार करोड़ का नुकसान हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृहमंत्री ने केंद्रीय टीम के निरीक्षण के बाद हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

*गृहमंत्री जी ने हमें कहा कि मैं आने वाले समय में खुद भी हिमाचल का दौरा करूंगा और निश्चित तौर पर ये जो डिजास्टर हो रहा है उन्होंने अपने कंसर्न सैक्रेटरी को ये बोला कि जो क्लाउड बर्सटिंग हो रही है इस सबकी एक स्टडी करवाने की जरूरत है और क्लाइमेट चेंज के जो प्रभाव पड़ रहे हैं हिमाचल प्रदेश छोटे से राज्य में तो उस दृष्टिकोण से उसे दिखाने की जरूरत है तो एक केंद्रीय टीम जल्दी ही हिमाचल प्रदेश के दौरे पर जाएगी। जो अध्ययन करेगी क्लाउड बर्सटिंग का भी अध्ययन करेगी और जो डिजास्टर से नुकसान हुआ उसका भी अध्ययन करेगी और उसके बाद एक स्पेशल रीलिफ पैकेज की मैंने बात की है। तो माननीय गृहमंत्री ने कहा कि हमारी केंद्रीय टीम आकर जब हमें रिपोर्ट देगी तो उसके बाद हम आगे की कार्रवाई करेंगे।*

## सर्वोच्च न्यायालय– राजनीतिक दल

सर्वाच्च न्यायालय ने राजनीतिक दलों द्वारा वोट हासिल करने के लिए क्षेत्रवाद और धर्म के इस्तेमाल पर चिंता व्यक्त की है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि यह प्रवृत्ति खतरनाक है क्योंकि इससे समाज में साम्प्रदायिक भेदभाव को बढ़ावा मिलता है। अदालत ने स्पष्ट किया कि इससे देश की एकता और

अखंडता के लिये भी खतरा उत्पन्न होता है। सामान्य रूप से धर्म को बढ़ावा देना गैर–कानूनी नहीं है, लेकिन इसके या जाति के आधार पर वोट मांगना चुनावी विधानों का उल्लंघन है, जिसके आधार पर पार्टी को अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

**आधार अपडेट**

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने अभिवावकों से सात वर्ष की आयु से अधिक के बच्चों का बायोमेट्रिक आधार अपडेट करने को कहा है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा है कि वर्तमान दिशा निर्देशों के अनुसार पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिये उंगली की छाप और आईरिस स्कैन की आवश्यकता नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि पांच वर्ष का होने पर इन बच्चों की बायोमेट्रिक्स अद्यतन की जानी चाहिए। पांच से सात वर्ष की आयु के बीच बायोमेट्रिक्स अद्यतन कि प्रकिया निशुल्क होगी। मौजूदा नियमों के अनुसार सात वर्ष की आयु होने के बाद भी अद्यतन ना कराये जाने पर आधार निष्क्रिय किया जा सकता है। प्राधिकरण ने इस संदर्भ में ऐसे बच्चों के आधार से पंजीकृत मोबाइल नंबर पर अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक अद्यतन कराने संबंधी संदेश भेजना शुरू कर दिया है।

**शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने मंडी जिला के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के स्याठी और आसपास के अन्य आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को नुकसान का सही आकलन कर राहत राशि समय पर प्रभावितों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बाद में उन्होंने धर्मपुर आदर्श नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की। उन्होंने इस अस्पताल में विभिन्न सुविधाओं के लिए 47 लाख रूपए की राशि भी स्वीकृत की।

**सेब सीजन**

किन्नौर जिला उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने सेब सीजन के दृष्टिगत संबंधित विभागों को सभी कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। रिकांगपिओ में एक बैठक में उन्होंने लोक निर्माण विभाग को सड़क मार्गों की बहाली पर विशेष ध्यान देने को कहा ताकि समय पर सेब मंडी तक पहुंच सके। उन्होंने बागवानों से भी अपनी सेब की पेटियों का बीमा करवाने की अपील की ताकि किसी दुर्घटना की स्थिति में बागवानों को उनकी फसल का लाभ मिल सके।

## मणिमहेश यात्रा

चंबा जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने मणिमहेश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं से धार्मिक आस्था के भाव के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी का निर्वहन करने की अपील की है। स्वच्छ मणिमहेश अभियान का शुभारंभ करते हुए उन्होंने श्रद्धालुओं से यात्रा मार्ग पर स्वच्छता बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह भी किया।

## मौसम

प्रदेश में मानसून की वर्षा का दौर लगातार जारी है और कई स्थानों पर भूस्खलन से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में 22 जुलाई तक भारी वर्षा की चेतावनी दी है। विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 16 से 20 जुलाई तक भारी वर्षा का येलो अलर्ट और 21 व 22 जुलाई के लिए भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजधानी शिमला सहित कई जिलों में आज सुबह से रूक–रूक कर बारिश हो रही है, जबकि सिरमौर में मंगलवार रात भारी बारिश हुई।